## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 21.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

**1.** जीएसटी की संशोधित दरें कल से होंगी लागू, पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू।

**2.** कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन समाप्त, रेलवे ने आज रांची होकर चलनेवाली वंदे भारत, जनशताब्दी सहित दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन किया रद्द।

**3.** रांची में चल रहे ईस्ट टेक सिम्पोजियम– डिफेंस एक्सपो का समापन आज, ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई स्वदेशी मिसाइल आकाश और अन्य हथियारों से रूबर हुए लोग।

**4.** महालया को लेकर आज रांची समेत राज्यभर में होंगे कई कार्यक्रम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी शुभकानाएं।

और

**5.** रांची में सांसद खेल महोत्सव के तहत साइकिल रैली– साइक्लोथॉन का हुआ आयोजन, अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट गौरी मिश्रा भी हुई शामिल।

और अब समाचार विस्तार से

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने और कर ढांचे को सरल बनाने के लिए देश में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी की कम की गईं संशोधित नई दरें कल से लागू हो रही हैं। उपभोक्ता मामले विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। कल से प्रभावी संशोधित जीएसटी दरों और छूटों के लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई–कॉमर्स, फास्ट–मूविंग उपभोक्ता वस्तुएं जैसी शिकायतें दर्ज की जाएंगी। उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर **एक नौ एक पांच** के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

********************

कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज की ओर से कल शुरू हुआ रेल रोको आंदोलन देर रात गृह मंत्रालय के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इधर रेलवे ने रैक उपलब्ध नहीं होने के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। जिन ट्रेनों का परिचालन आज के लिए रद्द किया गया है, उनमें रांची–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची –हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना–रांची वन्दे भारत एक्सप्रेस, पटना–रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, टाटानागर–पटना–टाटानागर वन्दे भारत एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा–रांची इंटरसिटी, हटिया–पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, आसनसोल–रांची–आसनसोल मेमू, खड़गपुर–रांची–खड़गपुर मेमू, आद्रा–बरकाकाना–आद्रा, टाटानागर–बरकाकाना मेमू पैसेंजर, हटिया–आसनसोल हटिया टाटानगर ट्रेन शामिल हैं। कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। इनमें गोरखपुर–सम्बलपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर–रांची एक्सप्रेस, नई दिल्ली–भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस, जम्मू तवी–सम्बलपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन की भावना से सरकार बदलाव और प्रगति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सेवा पर्व की विशेष श्रृंखला में, आज हम चर्चा कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने किस तरह से कर राहत और सुनिश्चित पेंशन प्रदान किया है। एक रिपोर्ट

********************

राजधानी रांची के खेलगांव  में चले रहे तीन दिवसीय इस्ट टेक सिम्पोजियम–2025– डिफेंस एक्सपो का आज समापन हो रहा है।  सेना की ओर से लगायी गयी इस प्रदर्शनी में तीन दिनों तक लोगों ने हथियारों और मोडिफाइड व्हीकल के साथ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल की गई भारत की स्वदेशी मिसाइल आकाश को भी करीब से देखा।

********************

आज महालया है। इसे लेकर राजधानी रांची के दुर्गा बाड़ी समेत राज्यभर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी दुर्गा का आह्वान किया जायेगा। कल से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महालया के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

********************

धनबाद जिले में इस वर्ष दुर्गा पूजा समितियों के बीच प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 3 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 37 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

राजधानी रांची में आज सांसद खेल महोत्सव के तहत– साइकिल रैली साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल  रैली को रवाना  किया। इस मौके पर सांसद ने  कहा कि हजारों युवा आज रांची में साइकिल चलाकर फिट रहने का संदेश दे रहे हैं।

साइक्लोथॉन में अंतरराष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिस्ट गौरी मिश्रा भी शामिल हुईं। इस  दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह रांची के लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं इससे मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में रांची भारत की साइकिलिंग राजधानी होगी।

********************

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज भाजयुमो की ओर नमो युवा रन का आयोजन किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झंडी दिखाकर दौड़  को रवाना किया। इस मौके पर श्रीदास  ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य –नशा मुक्त और आत्मनिर्भर भारत है।

********************

बिहार के नालंदा में चल रही नौवीं ईस्ट ज़ोनल शूटिंग चैंपियनशिप में खूंटी के रोशन होरो ने  ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। वहीं प्रवीण हेरेंज और हर्ष कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अन्य खिलाड़ियों में अर्चना कुमारी, रचित रंजन प्रसाद  और चिराग कुमार, एलिशान बरला तथा रूपेश कुमार शामिल हैं। सभी आठ खिलाड़ी नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं।

******समाप्त************